nt>

Title: Need to undertake the repair work of the canal in Sabayaspur Tehsil of Hardoi district, Uttar Pradesh under the Food-for-Work programme.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के हरदोई जिले के सबाएसपुर तहसील में एक नहर है। यह नहर शाहजहांपुर से आती है और इस नहर में 20 साल से पानी नहीं है जबकि यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश का सबसे उपजाऊ क्षेत्र है और सिंचाई के अन्य कोई साधन यहां के गरीब किसानों के पास नहीं हैं। यह नहर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिस के कारण पानी की आपूर्ति इस नहर से नहीं हो पा रही है और गरीब किसानों को अपनी भूमि पर फसल बोने से वंचित होना पड़ रहा है। मैं इस संबंध में कई सालों से संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर रहा हूं लेकिन उनका जवाब है कि उनके पास पैसा नहीं है। इस नहर की मरम्मत कर उसमें पानी की आपूर्ति कर किसानों के खेतों को पानी पहुंचाने के लिए केन्द्र स्तर पर चलायी जा रही **"काम के बदले अनाज योजना" के माध्यम से इस नहर के मरम्मत कार्य को शुरु किया जाए।**

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त योजना के माध्यम से कार्य शुरू करने के लिए केन्द्र स्तर पर राज्य सरकार को शीघ्र निर्देश दिए जाने का कट करें जिससे यहां के किसानों के खेतों को पानी मिल सके।